

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक109 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 04 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

प्रभु श्रीराम की अयोध्या से आ गया निमंत्रण

राम भक्तों की टोलियाँ पहुँचा रही है घर घर निमंत्रण

सिवनी यशोः- अक्षत कलश का पूजन देवालयों में स्थापित कर गाँव गाँव, टोला मंजरों, वार्ड और मुहल्लहों में संपन्न हुआ । जिसमें भारी सं या में सनातन धर्मी शामिल हुये है इस दौरान आमजनों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारी उत्साह दिखा अक्षत कलश पूजन के दौरान जगह जगह शोभायात्रा भजन कीर्तन सहित अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजन हुये । अक्षत कलश पूजन के पश्चात 01 जनवरी से घर घर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये अक्षत के माध्यम से निमंत्रण देने का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है ।

जानकारी के अनुसार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पूरे देश और दुनिया में सनातनी धर्मी दीपावली की तरह उत्साव मनायेंगे और यह दिन सनातन धर्म और भारत वर्ष के लिये ऐतिहासिक रहेगा । भगवान श्रीराम 22 जनवरी को अपने भव्य मंदिर में प्रष्ठित होंगे इस दिन पूरा देश उत्साव में डूब जाने के लिये आतुर है इसके लिये पूरे देश के साथ ही सिवनी जिले में रामभक्तों की टोलियाँ घर घर जाकर निमंत्रण के रूप में अक्षत और प्रभु श्रीराम का चित्र पहुँचायेगी पूरा देश उतना भव्यता से सजे जितना प्रभु श्रीराम की अयोध्या इसके लिये जन सनातन परिवारों से आग्रह किया जा रहा है ।

रामभक्तों की टोलियाँ हर गांव हर वार्ड के घर घर जाकर अक्षत के रूप में निमंत्रण देने का काम कर रही है । टोली के एक सदस्य अंकित चौरसिया ने बताया कि यह अक्षत भगवान श्रीराम की जन्मभूमि से अयोध्या से पहुँचा है यह सामान्य निमंत्रण नहीं है इस अक्षत को सनातनी अपने पूजा घरों में रखकर पूजा करेंगे और 22 जनवरी को जब हमारे प्रभु श्रीराम अपने भव्य भवन में विराजित होंगे तब अपने ही घर को आयोध्या का मंदिर मानकर सभी श्रद्धा और भक्ति के साथ अपने आराध्य की पूजा करेंगे अपने आप को इस बात के लिये सौभाग्यशाली समझेंगे कि उन्हें इतना पवित्र अवसर देखने का सौभाग्य मिल



रहा है कि भगवान श्रीराम अपने जन्मस्थान पर भव्यता के साथ विराजित हो रहे है यह उनके और उनके पूर्वजो का पुण्य फल है । रामभक्त उत्साह और उमंग के साथ घर घर निमंत्रण भेजने के कार्य में अपनी अपनी टोलियों के साथ जुट गये है राम नाम कीर्तन के साथ उत्साह पूर्वक टोलियाँ निकल रही है और घरों में विनम्रता के साथ अयोध्या से आया और पूजित निमंत्रण देकर आग्रह कर रही है कि 22 जनवरी को अपने स्नेहीजनों के साथ राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में शामिल हो तथा घर को दीपावली के उत्सव जैसा सुज्जित करें अपने भवनों को दीपों से जगमगा कर दीपावली मनाये मंगलगीतों की गूंज हो ।

रामभक्तों का हर घर को प्राप्त होने वाला निमंत्रण सनातन समाज के परिवारों को सुखद अनुभूति दे रहा है और राम भक्त बता रहे है कि 22 जनवरी को पूरा देश आलौकिक रूप से भव्यता का अनोखा रूप दिखाने के लिये आतुर है । बाजार में दिये और सजावट के सामानों की कमी बन सकती है ।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रमों के लिये भाजपा नियुक्त किये प्रभारी

सिवनी यशोः-जिला भाजपा द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न संगठनात्मक कार्यो के लिए, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच कार्य विभाजन करते हुए उन्हें विभिन्न जि मेदारियां सौंपी गई है। इसी श्रृंखला में 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त मंदिरों में साफ सफाई हेतु स्थानीय लोगों को प्रेरित करने , द्वीप प्ज्वलन,अक्षत वितरण इत्यादि कार्यक्रमों के लिए प्रभारी का दायित्व जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर को सौंपा गया है जबकि सहप्रभारी- अजय त्रिवेदी एवं महेश वर्मा होंगे।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा बताया गया कि संगठन के अन्य कार्यक्रमों के लिए भी प्रभारीयों को दायित्व सोंपा गया है जिसके अंतर्गत जिले के सभी ग्रामीण अंचलों में लोगों से संपर्क करने व उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी देने व उसका लाभ उन तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने हेतु गांव चलो अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि ग्राम वासियों से संपर्क करेंगे इस कार्यक्रम के प्रभारी आनंद शर्मा होंगे एवं सहप्रभारी का दायित्व, श्रीराम ठाकुर, व नरेश बरकड़े संभालेंगे। इसी तरह हितग्राही लाभार्थी संपर्क अभियान हेतु प्रभारी, श्रीमती गोमती ठाकुर एवं सहप्रभारी आशीष गोल्हानी व रंजीत ठाकुर यह कार्य संभालेंगे।

श्री दुबे ने बताया कि प्रदेश संगठन द्वारा सभी मोर्चों के लिए विभिन्न जि मेदारियां एवं कार्य योजनाएं बनाई गई है इन कार्यों को सफल व सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु इसके प्रभारी जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान सहप्रभारी , दीपक नगपुरे व संजीव मिश्रा होंगे। इसी तरह मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण तथा नव मतदाताओं के नाम जुड़ाने हेतु इस कार्य का प्रभारी जिला महामंत्री अजय डागोरिया को सौंपा जाकर सहप्रभारी के रूप मे श्रीनिवास मूर्ति, शिव सनोडिया यह जि मेदारी संभालेंगे।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि, नमो एप के प्रचार प्रसार एवं जागरूकता अभियान का प्रभार, दीपक तिवारी तथा सहप्रभार मयूर सोनी व मयंक तिवारी को दिया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विश्वकर्मा भाइयों के लिए प्रारंभ की गई महत्वपूर्ण विश्वकर्मा पीएम योजना के प्रचार प्रसार तथा लोगों को इस योजना की जानकारी के साथ ही उन्हें इस योजना का लाभ पहुंचे इस हेतु अभियान चलाने का प्रभार डॉ. अभिजीत चैहान संभालेंगे जबकि डॉ. श्यामसिंह कुमरे व आशीष माना ठाकुर सहप्रभारी होंगे।

केवलारी विधायक ने क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया मु यमंत्री को

छपारा यशोः-केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने आज बुधवार 03/01/2024 को मध्यप्रदेश के मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक जबलपुर के आयोजन में आज कल्चुरी होटल जबलपुर में स मिलित हुए एवं विधानसभा क्षेत्र की सिंचाई की समस्या बिजली की समस्या,अवैध रेत उत्खनन की समस्या एवं जिला पदाधिकारियो के रिक्त पद पर सरकारी कर्मचारीयों की नियुक्ति हेतु माननीय मु यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को ज्ञापन सौंपा।

पंचायत उपनिर्वाचन के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री क्षितिज सिंघल ने पंचायत उपनिर्वाचन (उत्तरार्धृद) वर्ष 2023 अंतर्गत 05 जनवरी 2024 को होने वाले निर्वाचन के मद्देनजर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-01,ग्राम पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के वार्डो शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक- 01 थाना लखनवाडा तहसील सिवनी के लिए श्री दिग्विजय परतेती, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक- 01 थाना कान्हींवाडा हेतु श्री सनीपाल परतेती, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक- 01 थाना बंडोल के लिए श्री ललीत ग्वालवंशी, ग्राम पंचायत सिल्लौर तहसील कुरई के लिए श्री प्रमोद कुमार उगडे, ग्राम पंचायत खामी तहसील केवलारी के लिए श्री कुंवरलाल राउत एवं ग्राम पंचायत गनेशगंज तहसील लखनादौन के लिए सुश्री दीक्षा पटेल को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

बिजली चोर ठेकेदार पर विद्युत विभाग मेहरबान

2 करोड की लागत में बन रहे 14 आवासों में अनेक अनियमित्ताएँ

लखनादौन यशोः- लखनादौन में सिविल अस्पताल के चिकित्सकीय स्टाफ के लिये आवासों का निर्माण किया जा रहा है जिसके विभिन्न कार्यो के लिये निर्माणकार्य करने वाले ठेकेदार द्वारा विद्युत की चोरी की जा रही है जिसकी लिखित शिकायत लखनादौन चिकित्सालय के खंड चिकित्सा अधिकारी ने म. प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता को 22 दिसंबर को की है और उसमें उल्लेख भी किया है कि ठेकेदार द्वारा अवैधानिक तरीके विद्युत का उपयोग करने से चिकित्सकीय कार्य बाधित होता है । चिकित्सा जैसे गंभीर कार्य में बाधा उत्पन्न करना ही अपने आप में गंभीर मामला है और शिकायत के बाद भी विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करना उनके भ्रष्ट आचारण की कहानी बयां करने के लिये काफी है । वहीं ठेकेदार द्वारा किये जा रहे कार्य में अनेक प्रकार की अनियमित्ताएँ है जिसे संबंधित अधिकारी भी स्वीकार कर रहे है ।

लखनादौन यशोः- सिविल अस्पताल लखनादोन में चिकित्सकों के रहने हेतु हाउसिंग बोर्ड द्वारा सिविल अस्पताल के पीछे लगभग 2 करोड की लागत से चिकित्सीय आवास का निर्माण शिखा कंस्ट्रेशन लखनादौन के ठेकेदार सुरेन्द्र चौकसे द्वारा किया जा रहा है इस हेतु विगत वर्ष मार्च माह में टेंडर जारी किया गया था जिसका निर्माण अब से 4 माह पहले पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु अभी तक आवासीय निर्माण कार्य कच्छप गति से जारी हैं। विभागीय अधिकारियों की माने तो यह कार्य 4 माह पहले पूर्ण होकर अस्पताल प्रबंधन को सौंप दिया जाना चाहिए था।

चोरी की बिजली से निर्माण कार्य जारी

अस्पताल प्रबंधन की माने तो विगत मार्च 2022 से उक्त चिकित्सीय आवासीय भवन जिनमें 14 मकानों का निर्माण होना हैं, जहां आवासीय भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं वह पूरी तरह पथरीला हैं जिसमें बेस निर्माण में ही लापरवाही की गई हैं सभी 14 आवासों के निर्माण के बाद उनमें पानी की तराई भी नहीं हुई हैं साथ ही ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में उपयोग में आने वाले उपकरणों मोटर प प आदि में लगने वाली बिजली का उपयोग अस्पताल के मीटर से चोरी छिपे कने शन करके किया गया हैं अस्पताल कर्मचारियों द्वारा बार बार विद्युत कने शन निकाल देने के बाद भी ठेकेदार ने पुनः विद्युत कने शन पुनः करके विद्युत चोरी की हैं जिसकी शिकायत अस्पताल प्रबंधन द्वारा विद्युत विभाग को भी की गई हैं परंतु ठेकेदार के दबाव में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

सभी ने माना की निर्माण कार्य घटिया

इस संबंध में विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज श्रीवास्तव से चर्चा की गई तो उन्होनें भवनों के निर्माण में घोर लापरवाही बरतने और गुणवत्ता विहीन कार्य करने का आरोप ठेकेदार सुरेन्द्र चौकसे पर लगाया। वहीं एनएचएम सिवनी की विभागीय सब इंजीनियर दीप्ती बोहरे ने मोबाइल से चर्चा के दौरान बताया कि यह अधिकार क्षेत्र में नहीं हैं और न ही मेरे द्वारा अभी तक आवासीय भवनों का निरीक्षण नहीं किया गया हैं। वहीं हाउसिंग बोर्ड सिवनी के एसडीओ आनंद जैन द्वारा भी निर्माण कार्य में हो रही नियमितताओं की मौखिक शिकायत प्राप्त हुई हैं निर्माण कार्य टेंडर के मापदण्ड के अनुरूप नहीं किया जा रहा हैं जिसके लिये ठेकेदार को ही दोषी माना।

वहीं सिविल अस्पताल लखनादौन के बीएमओ डॉ अशोक सहलाम द्वारा बताया गया की ठेकेदार को मना करने के बावजूद भी उसके द्वारा अस्पताल के मीटर से अवैध तरीके से विद्युत लाइन खींचकर निर्माण कार्य किया जा रहा हैं जिसकी शिकायत विद्युत विभाग को की गई हैं।

वार्ड क्रमांक 01 उपचुनाव के लिये 23 सदस्यीय समिति का गठन

सिवनी यशोः-जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 1 के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारी को इस वार्ड के सभी क्षेत्रों में बूथ स्तर तक लोगों से जनसंपर्क करने हेतु 23 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि इस चुनाव समिति में कीरत सिंह बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रहलाद पटेल कोनियापार, परसराम सनोडिया, ज्ञानचंद सनोडिया, अतरसिंह बघेल,विठ्ठल पटैल, ब्रजेश राजपूत, काशीराम बघेल,कृष्णा पटले,करतार सिंह बघेल ,राधेश्याम ब हंशी,शंकर दाहिया, सुरेश सनोडिया, राजीव उईके, अनिल बघेल, अटल बघेल, राम वर्मा, संतोष बघेल,अरुण उपाध्याय, बलराम साहू,यशपाल ठाकुर, पोहोबसिंह जंघेला, दिलिप सनोडिया का समावेश है जिन्हें यह महत्वपूर्ण जि मेदारी सौंप गई है।

हिट एंड रन कानून जनता की सुरक्षा के लिये है, कांग्रेस गलत तरीके से भड़का रही है - दिवाकर

सिवनी यशोः-भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हिट एंड रन कानून इसीलिये लाया गया है ताकि चालक दुर्घटना के बाद भाग न सकें इसीलिये नहीं लाया गया है कि चालक पिट जायें वो अपना बचाव न कर सकें. आत्मरक्षा का अधिकार तो कानून में पहले से निहित है. चालक परिचालक कल्याण संघ कानून को गलत अर्थों में ले रहे हैं और कांग्रेस बजाये तथ्यों को स्पष्ट करने के देशवासियों को भड़काने का काम कर रही है जिससे कि हड़ताल लंबी खिंचे और देश का नुकसान हो।

उक्ताशय की बाद महाकौशल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष नरेश दिवाकर द्वारा कांग्रेस की विज्ञप्ति का जवाब देते हुए कही गयी है. श्री दिवाकर ने कहा कि अभी अगर कोई वाहन दुर्घटना होती है तो पुलिस 279, 337, 338 और 304 (ए) के तहत मामला कायम करती है. इनमें 6 माह से दो साल तक की सजा है. यह कानून अंग्रेजों को समय बनाया गया था योंकि ब्रिटिश काल में कारें अंग्रेजों के पास हुआ करती थी. अंग्रेज कार में चलते थे और उनकी कार की चपेट में आने से हिन्दुस्तानी मरते थे तो कानून ऐसा बनाया गया कि अंग्रेजों को सजा न हो. अंग्रेज चूँकि देश में राज करते थे. हम गुलाम थे. अंग्रेज की कार से कोई हिन्दुस्तानी मर भी जाता था तो वे भागते नहीं थे और वे मारने के लिये कार दुर्घटना का सहारा भी नहीं लेते थे जिसे उन्हें मारना होता था सीधे मार देते थे।

देश आजाद होने के बाद कालांतर में स्थिति यह बनी कि इस कानून का लाभ उठाकर लोग हत्याएं करने लगे. किसी को मारना है अगर गाड़ी से उतरकर मारेंगे तो हत्या का मामला बनेगा और गाड़ी में बैठकर मारेंगे गैर इरादतन हत्या का मामला बनेगा., भले ही गाड़ी से ठोकर हत्या इरादे से की गयी पड़ गाड़ी में बैठने के कारण आदमी कानून से बच जाता था।

इस तथ्यो को ध्यान में रखते हुए देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा हिट एंड रन ऐ ट लाया गया है कि अगर आपके वाहन से किसी की हत्या हो जाती है आपका इरादा उसे मारने का नहीं था तो आप भागे न उसे अस्पताल लेकर जायें. अब चालक परिचालक संघ यह कह रहा है कि हम पिट जायेंगे तो ऐ ट यह नहीं कहता है कि चालक अपना बचाव न करें. यदि स्थिति ऐसी है की भीड़ लग गयी है चालक परिचालक पिट सकते हैं तो वे नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर आत्मसर्पण कर दें वहाँ के प्रभारी को बता दें कि जो ऐ सीडेंट हुआ है वह उन्हीं से हुआ है. जब वे भागेंगे नहीं तो हिट एंड रन ऐ ट के तहत मामला ही कायम नहीं होगा।

श्री दिवाकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में बड़े से बड़े वकील हैं जो राम को काल्पनिक साबित करने के लिये सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ते हैं पर जब देश में लोगों के भले के लिये कोई कानून बनता है तो बजाये वे लोगों को समझाने के प्रयास करते हैं कि लोग हड़ताल पर चले जाये और देश का नुकसान हो. कांग्रेस ने नोटबंदी को गलत बताया. कांग्रेस ने कहा देश बरबाद हो जायेगा. देश तो बरबाद हुआ पर पाकिस्तान. जावेद खनानी जो कि 40 हजार करोड़ रूपये की नकली भारतीय मुद्र भारत में डाल चुका था बरबाद हो गया उसने आत्महत्या कर ली. अब कांग्रेसी किसे अपना देश मानते हैं उन्हें किसके बरबाद होने की चिंता थी यह देश को समझना चाहिये।

जबरन नॉलेज

बुरी तरह हारे है सहानुभूति तो दिखओ काका हा हा हा ....

रामकथा और प्राण प्रतिष्ठा बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- आगामी आने वाले समय मे तीन दिवसीय श्री रामकथा के साथ श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना कार्यक्रम दिनांक 20/21/22 जनवरी, स्थान मोती महल लॉन् बरघाट रोड डुंडासिवनी मे श्री अतुल रमायणी जी के मुखार बिंद से दोप 3 से शाम 6 बजे तक संपन्न होना है। इस विषय को लेकर मोतीनाला के समीप नवनिर्मित मंदिर प्रांगण मे बैठक का आयोजन किया गया जहाँ आयोजन समिति और कार्यक्रम समिति पर चर्चा हुई। बैठक मे आगामी समय के लिए प्रचार

प्रसार और सुझाव भी आमंत्रित किये गये। दिनांक 20 जनवरी को नर्मदेश्वर शिवलिंग की शोभा यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से नेहरू रोड, काली चौक, बरघाट नाका, होते हुए मोती महल लॉन जायेगी जिसमे सभी श्रद्धालु जन सम्मिलित रहेंगे। दिनांक 22 जनवरी को हवन पूजन प्राण प्रतिष्ठा एवं भण्डारा स पन्न होगा।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति सिवनी के द्वारा उक्त आयोजन आयोजित है जिसमे सभी धर्म प्रेमियों से उपस्तिथि का आगृह है।

चार मुए तो या हुआ जीवित कई हजार

हितानंद शर्मा

विश्व इतिहास में बाल?यावस?था में शौर्य, साहस और दृढ़ता की ऐसी अद्वितीय अमर वीरगाथा कहीं और नहीं मिलती जिसमें, 6 और 8 वर्ष की आयु के छोटे साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए स?वयं को शहीद कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की यह शहादत धर्म रक्षा के लिए दी गई शहादत का अभूतपूर्व उदाहरण है। धर्म त्याग करने पर सब कुछ दिए जाने का प्रलोभन या हो जाने का ही संकल्प लिया। उन्?हें चुनवा देने के लिए उठाई जा रही 'खूनी दीवार' के सामने निडर खड़े दोनो छोटे साहिबजादों ने जपुजी का पाठ करते हुए अपना सर्वस?व राष?ट्र, संस?कृति और धर्म के लिए समर्पित कर दिया। इस महान शहादत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एवं उनकी वीरता को स?मरण करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' घोषित किया है।

दिसंबर के अंतिम सप्ताह का भारतीय इतिहास में विशेष महत?त्व है। इसे %शोक % और %शौर्य का सप्ताह%कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह सिखों की गुरु परंपरा में दसवें गुरु हैं। उन्?हें 'सरबंस दानी' की भी उपाधि दी गई है ?योंकि 21 दिस बर से 27 दिस बर के सात दिनों में गुरु गोबिंद सिंह ने अपने चार पुत्रों और माता को देश और धर्म के लिए समर्पित कर दिया था और इसके बाद भी उन्होंने दृढ़ता से कहा-

'इन पूतन के सीस पर,वार दिए सुत चार।
चार मुए तो या हुआ जीवित कई हजार।।'

यह मध्यकालीन भारत की बड़ी मार्मिक किन्तु गौरवशाली कथा है, जब बर्बर विदेशी लुटेरे भारत की सत?ता पर कब्जा करके बैठे हुए थे। इनसे धर्म, संस्कृति और राष?ट्र को बचाने के लिए समाज में विद्रोह और संघर्ष भी चल रहे थे। गुरु गोबिंद सिंह ने भी मुगलों से युद्ध छेड़ रखा था।

गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादे थे। इनमें से तीसरे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह को 17 नवंबर 1696 को माता जीतो जी ने आनंदपुर साहिब में जन्म दिया। 25 फरवरी 1699 को छोटे साहिबजादे बाबा फतेह सिंह का जन?म हुआ। इसके लगभग 10 माह बाद 5 दिसंबर 1700 के दिन माता जीतो जी के परलोक गमन कर जाने पर गुरु गोबिंद सिंह जी की माता गुजरी जी ने अपने पौत्रों बाबा जोरावर सिंह और उनके छोटे भाई बाबा फतेह सिंह की उच्चतम आदर्श देते हुए परवरिश की। एक बार सभी सिरसा नदी पार करते समय बाढ़ के पानी में दोनों साहिबजादे और दादी माता गुजरी जी का गुरु गोबिंद सिंह जी से साथ छूट गया। माता गुजरी जी उन?हें घने जंगल से निकाल ले गई। उनका रसोइया भी गंगू भी नदी पार करने में सफल हो गया था। वह दादी और दोनों साहिबजादों को अपने गांव खेड़ी ले गया।

घर पहुंचने पर रसोइया गंगू ने माता गुजरी जी की गठड़ी से आभूषण चुरा लिए और इनाम के लालच में मुगलों को सूचना दे दी। मुगल अधिकारी तीनों को हिरासत में लेकर सरहिंद ले गए जहां उन्हें दिसंबर की कड़ाके की ठंड और बर्फीली हवाओं के बीच सबसे ठंडे बुर्ज में भूखे रखा गया। जब इसकी जानकारी गुरु गोबिंद सिंह के श्रद्धालु भाई मोती मेहरा को लगी तो वे खतरा उठाकर सीढ़ी लगाकर उस ठंडे बुर्ज तक पहुंचे और छोटे साहिबजादों को दूध पिलाकर लौटे। उधर, चमकौर के युद्ध में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के दो बड़े साहिबजादे शहीद हो चुके थे। 9 दिसंबर 1705 को दोनों छोटे साहिबजादों को चमकौर से लौटे सरहिंद के फौजदार नवाब वजीर खान के समक्ष पेश कर दिया गया। वजीर खान ने दोनों साहिबजादों को इस्लाम कबूल करने के लिए कई प्रलोभन दिए लेकिन साहिबजादों ने सब प्रलोभनों को ठोकर मार कर धर्म की रक्षा पर अडिग रहने की गर्जना कर दी थी। वजीर ने उन्?हें मौत की धमकी दी पर दोनों साहिबजादे अपने निर्णय से बिल्कुल भी नहीं डिगे। अंततः बर्बर आततायी वजीर खान ने दोनों छोटे साहिबजादों को मृत्युदंड की सजा सुना दी।

साहिबजादा जोरावर सिंह और उनके छोटे भाई फतेह सिंह ने कड़ाके की ठंड में दो और रातें उसी ठंडे और हौसला तोड़ देने वाली बर्फीली हवा वाले बुर्ज में दादी की गोद में बिताई। जब साहिबजादों को वजीर खान के दरबार में जाया गया तो दोनों ने जोर से गर्जना करते हुए कहा ङ्कवाहिगुरु जी का खालसा। वाहिगुरु जी की फतेह।

दरबार में वजीर खान ने एक बार फिर दोनों को लालच दिया कि वे इस्लाम स्वीकार करके मुसलमान बन जाएं इसके लिए वे जो कहेंगे दिया जाएगा। साहिबजादों पूरे आत?मविश?वास और दृढ़ता से कहा- हम किसी भी कीमत पर अपना धर्म नहीं छोड़ेंगे। हम अन?याय और अत?याचार के विरुद्ध लड़ रहे हैं। हम गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र, गुरु तेग बहादुर जी के पौत्र और गुरु अर्जनदेव जी के वंशज हैं। हम उनके दिखाए मार्ग पर ही चलेंगे। अपने धर्म की रक्षा के लिए हम हर एक कुर्बानी देने को तैयार हैं। वजीरखान ने अपनी सभी चालें बेकार जाते देख दोनों को जीवित ही दीवार में चुनवाने का हु ?म दे दिया।

दरबार से वापस बुर्ज में भेजे साहिबजादों ने माता गुजरी जी को जब पूरी बात बताई तो उन्होंने दोनों को गले से लगा लिया और उनकी बहादुरी के लिए शाबाशी दी। अगले दिन दरबार में फिर उन्हें इस्लाम कबूल करने के लिए लालच दिए गए, मौत का डर दिखाया गया पर वे धर्म रक्षा के अपने निर्णय पर अडिग रहे। अंत में दोनों को उस स्थान पर ले जाया गया जहां दीवार चुनवाई जा रही थी। दोनों साहिबजादों को साथ खड़ा करके जल्लाद दीवार उठाने लगे। दोनों साहिबजादों ने गुरुवाणी का पाठ शुरू कर दिया। जैसे ही दीवार दोनों के मुख तक पहुंची तो भरभराकर गिर गई। दोनों साहिबजादे बेहोश हो गए। होश में आने पर उन्हें फिर धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दिए गए लेकिन वे दोनों नहीं माने। अंततः 26 दिसंबर को दुष?ट वजीर खान ने दोनों साहिबजादों को शहीद करा दिया। इसके साथ ही दोनों साहिबजादों ने अपनी महान शहादत से गुरुवाणी की इन पवित्र पंक्तियों को सच किया -

'सूरा सो पहचानिए, जो लरै दीन के हेत,
पुरजा-पुरजा कट मरै कबहू न छाडे खेत'

इधर ठंडे बुर्ज में यातनाएं सह रहीं वृद्ध माता गुजरी जी ने भी यह सूचना मिलते ही 27 दिसंबर को प्राण त्याग दिए। इसके बाद जो हुआ वह भी विश?व इतिहास में पहली बार हुआ। दोनों साहिबजादों और माता गुजरी जी के अंतिम संस?कार के लिए जो जमीन वजीर खान ने दी वह दुनिया की सबसे कीमती जमीन रही और सरहिंद के एक धनी व्यापारी सेठ टोडरमल नेइसे लेकर तीनों का पूरे स मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। इसके लिए वजीर खान ने शर्त रखी कि अंतिम संस्कार के लिए जितनी भूमि चाहिए उसे सोने के सिक्कों से ढंक दिया जाए। सेठ टोडरमल ने इसके लिए एक स्थान चुना और उसे सोने के सिक्के बिछाकर ढंक दिया। सोने के सिक्कों के बदले वह स्थान लेकर तीनों का अंतिम संस्कार कर दि?या गया। सरहिंद के पास फतेहगढ़ साहिब में इस स्थान पर आज भी चार गुरुद्धाम सुशोभित है। उस स्थान पर प्रतिवर्ष 25 से 28 दिसंबर तक महान शहीदों का पवित्र स्मरण करते हुए दीवान सजाए जाते हैं।

साहिबजादों की कुर्बानी ने देश में एक नई क्रांति का संचार किया। पूरा समाज मुगल शासन को खत?म करने के लिए एकजुट हो गया। गुरु गोबिंद सिंह जी को जब साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत का समाचार मिला तब वे माछीवाड़े के जंगलों में थे। उन्होंने घोषणा की कि यह अब भारत से मुगल सत?ता के खत्म होने का कारण बनेगा। इसके कुछ समय बाद गुरु गोबिंद सिंह जी ने नांदेड़ पहुंचकर माधवदास बैरागी को अमृत छका कर सिख सजाया। अब वे माधवदास से बंदा सिंह बहादुर हो गए। बाबा बंदा सिंह बहादुर के नेतृत्व में सिखों ने सरहिंद पर आक्रमण कर चपड़चिड़ी के मैदान में 12 मई 1710 को हुए युद्ध में मुगल सेना को बुरी तरह से पराजित किया। वजीर खान मारा गया और 14 मई को सिखों ने सरहिंद पर कब?जा कर लिया। इस प्रकार दोनों साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत आज भी सिखों द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली अरदास में स्मरण किया जाता है।

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व 9 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 'वीर बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की थी कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह की शहदत को याद करते हुए प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप श्री गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की अद्वतीय शहादत के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने के लिए राजपत्र में अधिसूचना जारी की। इसके अनुसार ही अब प्रतिवर्ष 26 को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों पुत्रों की शहादत ने भारत की तरुणायी में यह चेतना जगाने का काम किया कि राष?ट्र और धर्म की रक्षा के लिए इस मातृभूमि पर हजारों पुत्र कुर्बान किए जा सकते हैं।

मु यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने 'जन आभार यात्रा' में शामिल होकर कार्यक्रम को संबोधित किया

जहां-जहां भगवान श्रीराम के चरण पड़े हैं वहां-वहां तीर्थ बनाएंगे
रानी दुर्गावती, झांसी की रानी और अवंतीबाई के पराक्रम को पाठ्यक्रम में शामिल करेंगे - मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव
महाकौशल, बुंदेलखंड व बघेलखंड के विकास के नए आयाम की आज से शुरूआत
प्रधानमंत्री जी का मध्यप्रदेश पर आशीर्वाद, प्रचंड बहुमत के लिए जनता का दिल से आभार
- श्री विष्णुदत्त शर्मा

भोपाल यशोः- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार मध्यप्रदेश के विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। मेरे लिए बड़े सौभाग्य व गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री जी ने कहा कि मोहन जी आपको काम करना है, लेकिन काम करने का आधार यह रखना कि मध्यप्रदेश देश का सबसे अच्छा राज्य है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया की बड़ी सर्वे एजेंसियों का दावा है कि इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में श्री मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा प्रचण्ड बहुमत से विजयी होगी। मु यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम के वनवास का सबसे अधिक समय हमारे मध्यप्रदेश के चित्रकूट सतना व अन्य स्थानों पर बीता है। जहां-जहां भगवान श्रीराम के चरण पड़े हैं उन स्थानों को मध्यप्रदेश सरकार तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेगी। यह बात प्रदेश के मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में जन आभार यात्रा के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत के लिए जनता का दिल से आभार। एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मध्यप्रदेश पर आशीर्वाद है। विधानसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को अपार बहुमत मिलेगा। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा महाकौशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे, इसका शुभारंभ आज मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर से की है। कार्यक्रम को प्रदेश शासन के मंत्री श्री राकेश सिंह ने भी संबोधित किया।

रानी दुर्गावती, झांसी की रानी व अवंती बाई को लेकर माफी मांगे कांग्रेस

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'जन आभार यात्रा' के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने जितने युद्ध लड़े हैं एक भी नहीं हारे। यह दुनिया के उन देशों को जवाब है, जो कहते थे कि हमें महिलाओं का स मान बढ़ाना चाहिए। हमारे देश की महिलाओं, बहनों व माताओं ने सदैव दुनिया के अंदर अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी अवंती बाई ने जिस प्रकार से युक्ति और बुद्धि से कई युद्ध लड़ीं, उसे कोई नहीं भूल सकता। लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने झांसी की रानी, दुर्गावती और अवंती बाई के पराक्रम और शौर्य को जनता के सामने उस प्रकार से नहीं लाया, जिस प्रकार से लाना चाहिए। डॉ. यादव ने कांग्रेस नेताओं से सवाल करते हुए कहा कि अब तक इन वीरांगनाओं के शौर्य और पराक्रम को स्कूली पाठ्यक्रम में यों शामिल नहीं किया गया। कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। रानी दुर्गावती ने लगातार अपने जीवन के प्रत्येक क्षण का देश की सेवा के लिए देश के स्वाभिमान के लिए लगाया। नई शिक्षा नीति के तहत मध्यप्रदेश सरकार इन्हें पाठ्यक्रम में शामिल करेगी।

हर गरीब के साथ खड़ी है भाजपा सरकार

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर गरीब के साथ खड़ी है। भाजपा सरकार गरीबों के साथ है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले कहा था एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। भाजपा और भाजपा सरकार गरीबों के सुख-दुख में उनके साथ हमेशा खड़ है। आज इसी परिप्रेक्ष्य में बरगी बांध के डूब क्षेत्र के 10 गांव के लगभग 1414 परिवारों को भू-अधिकार पत्र देकर कार्यक्रम को सार्थक किया।

22 जनवरी उत्सव का दिन, फिर दीपावली मनाएं

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मौजूदगी में अयोध्या में भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। सभी लोग उस दिन अयोध्या नहीं जा सकते, इसलिए उस दिन जो जहां रहे वहीं उत्सव मनाए। यह उत्सव मनाने का दिन है। भाजपा सरकार अयोध्या जाने वाले रामभक्तों को राज्य की सीमा और अन्य स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत करेगी। 22 जनवरी को सरकार प्रदेश के सभी बड़े मंदिरों में रोशनी और साज-सज्जा कराएगी।

मोदी जी के नेतृत्व में होगी ऐतिहासिक विजय

मु यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भारत ही नहीं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। विश्व की बड़ी सर्वे एजेंसियों के सर्वे में सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज की है। भारत ही नहीं दुनिया की बड़ी सर्वे एजेंसियों का दावा है कि इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में प्रचण्ड बहुमत मिलने वाला है। डॉ. यादव ने ऐतिहासिक विजय का उद्घोष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीब कल्याण के कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री जी सच्चे मन से लगातार कार्य करते हुए गरीबों, युवाओं-महिलाओं के साथ देश की जनता का दिल जीत लिया है। विकास का यह कारवां लगातार बढ़ता जाएगा।

अयोध्या व हरिद्वार की तर्ज पर घाट बनाए जाएंगे

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करते हुए कहा कि जबलपुर के नर्मदा में अयोध्या और हरिद्वार की तर्ज पर घाट बनाए जाएंगे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर के गैरीसन मैदान में कुल 409.53 करोड़ रुपये की लागत के 14 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मु यमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल महाविद्यालय जबलपुर में 100 करोड़ की लागत से 85 पी.जी. सीट वृद्धि निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने के साथ 308 करोड़ रूपए की लागत से कौशल विकास/चिकित्सा शिक्षा/नगरीय विकास विभाग का लोकार्पण किया।

नई सरकार, नई उमंग और नई ऊर्जा के साथ विकास यात्रा का शुभारंभ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने जन आभार यात्रा के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान इसी गैरिसन ग्राउंड में मै आया था और आप लोगों के समक्ष कहा था कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ विधानसभा चुनाव में सरकार बनाएगी। प्रदेश में ऐतिहासिक बहुमत के साथ भाजपा सत्ता में आई है, इसके लिए आप सभी जनता-जर्नादन का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं। बाबा महाकाल की नगरी को संवारने वाले हमारे लाड़ले मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मध्यप्रदेश विकास यात्रा आज कैबिनेट की बैठक के साथ जबलपुर से प्रारंभ होने जा रही है। आज यहां मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया, साथ ही आज महाकौशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड के विकास की यात्रा शुरू हो रही है। विकास कार्यों से प्रदेश का कोई कोना नहीं छूटना चाहिए। नई सरकार, नई उमंग और नई ऊर्जा के साथ भाजपा सरकार गरीब कल्याण, विकास और सुशासन के कार्यों को नए आयाम तक पहुंचाएगी। मैं पार्टी की ओर से सरकार का धन्यवाद देता हूं कि विकास के रास्ते कैबिनेट की पहली बैठक संस्कारधानी जबलपुर में हो रही है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार काम कर रही है। मेरे भाईयों एवं बहनों जिस तरह से विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक बहुमत के साथ आशीर्वाद दिया है और भाजपा सरकार गरीब कल्याण के कार्य कर रही है। उसे देखकर हम दावे के साथ कह सकते हैं कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत मिलेगा।

गतिमान भारत के नारे के साथ आगे बढ़ रहा प्रदेश

प्रदेश शासन के मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि गतिमान भारत के नारे के साथ मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्षो से महाकौशल की उपेक्षा होती आ रही है, लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से महाकौशल का विकास शुरू हुआ है। 2014 में श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद महाकौशल के विकास को गति मिली और अब यह क्षेत्र विकास बहुत तेजी से विकास कर रहा है।

जन आभार यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, जगह-जगह स्वागत

प्रदेश में भाजपा को विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद जबलपुर में निकाली गई जन आभार यात्रा में जन सैलाब उमड़ आया। कल्चुरी होटल से गैरीशन ग्राउंड तक निकाली गई आभार यात्रा में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश शासन के मंत्री श्री राकेश सिंह, विधायक अशोक रोहाणी व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जन आभार यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। पूरे रास्ते में स्थानीय लोगों ने यात्रा पर पुष्प वर्ष कर स्वागत किया। इससे पहले मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा संभागीय कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक और विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने शाम को भाजपा संभागीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

समारोह में केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह, सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी, अभिलाष पाण्डेय, संतोष बरकड़े, नीरज सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बंधक बनाये गये मजदूरों को पुलिस ने मुक्त कराया

छपारा यशोः- थाना छपारा में आवेदक संदेश पन्द्राम पिता दुखराम पन्द्राम निवासी ग्राम रायगढ थाना छपारा ने एक लिखित आवेदन पस्तुत किया इसके पिता-माता व बहन एवं ग्राम कमकासुर के करीब 10 लोगो को मजदूरी कराने कहकर अपने साथ ग्राम लोवडी थाना मल्हारपेट जिला सतारा पुणे महाराष्ट्र ले जाकर उन्हे करीबन तीन माह से बंधक बनाकर मजदूरी कराकर पैसा नही दे रहे है जिससे वे प्रताडित व परेशान है के आवेदन पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी द्वारा पुलिस टीम तैयार कर निर्देशित करने पर सहायक उपनिरीक्षक नियाज खान, प्रआर 769 देवीसिंह मजदूरो के परिजनों के साथ ग्राम लोवडी थाना मल्हारपेट जिला सतारा पुणे महाराष्ट्र भेजा गया। जो पुलिस टीम द्वारा ग्राम लोवडी थाना मल्हारपेट जिला सतारा पुणे महाराष्ट्र पहुंचकर स्थानीय पुलिस की मदद से बंधक बनाये गए दुखमान पिता फत्तूसिंह, पप्पू पिता हीरामन यादव, ओमप्रकाश पिता सीजकुमार, श्रीमती सुकरती बाई पति सुमेरा, सुक्रो बाई पति अकबर कुमरे, रामकुमार पिता झनकसिंह, कल्लो बाई पति अनीस कुमरे, ग्यारसीवती पति पप्पू यादव, छाया पिता दुखमान, गंगादुलारी पिता दुखमान को मुक्त कराकर थाना छपारा लेकर आया उपरोक्त मजदूरों को परिजनो के सुपुर्द किया गया।

सराहनीय भूमिकाः-

निरीक्षक थाना प्रभारी सौरभ पटेल, सउनि नियाज खान, प्रआर. देवीसिंह

भगवान शिव से सिंधिया के मंगलमय जीवन की कामना की राय ने

सिवनी यशोः- साल के पहले दिन 1 जनवरी सोमवार को भाजपा के केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सिंधिया समर्थक प्रदीप राय ने गुरूत्रेश्वर धाम दिघौरी पहुँचकर स्फटिक शिवलिंग के समक्ष अभिषेक पूजा कर अपने नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के मंगलमय दीर्घ जीवन की कामना की तथा द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

SPL में देश भर के खिलाड़ीयो का हुआ आगमन.

संघर्ष करते हुए बॉयजे लब ,नन्नू11,बिंझवाड़ा,और सिवनी वोरियस पहुंची सेमीफाइनल में

विपिन ने जड़ा क्वाटर फाइनल में शतक

सिवनी यशोः-सिवनी प्रीमियर लीग में आज चार क्वाटर फाइनल मैच खेले गए क्वाटर फाइनल की सभी टीमों में देशभर के खिलाड़ी हुए शामिल जैसा कि आप जानते हैं स्क्र के नॉकआउट मैचों में हर टीम में लोकल खिलाड़ियों के साथ देशभर के चार-चार खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं जिसके चलते सभी टीमों में विभिन्न प्रदेशों से आए खिलाड़ियों को शामिल किया गया जिसमें से बॉयजे लब नन्नू 11 बिंझावाड़ा और सिवनी वारियस ने अपने अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया आज के क्वार्टर फाइनल मैचों में में सिवनी कोतवाली टीआई सतीश तिवारी जी

और लखनवाड़ा टी आई चंद्रशेखर सिरामे जी मु य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे जिन्होंने पहले आयोजन अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर और आयोजन समिति के साथ सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें उत्कृष्ट खेल की शुभकामनाएं प्रेषित की वही आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने दोनों टी आई का स्वागत गर्म जोशी से किया।

आज के मैचों की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर गुड्डू और संयोजक अब्दुल काबिज खान ने बताया कि आज का पहला मुकाबला क्वार्टर फाइनल और स्वयं महावीर के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर स्वयं महावीर ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए बिंझावाडा ने 155 रन बनाए बिंझावारा की ओर से कप्तान विपिन बघेल ने 102 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए राजा खान

ने दो विकेट प्राप्त किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्वयं महावीर 27 रनों से यह मुकाबला हार गई स्वयं महावीर की ओर से गोलू ने 32 सुनील ने 31 रनों की पारी खेली एन ऑफ द मैच विपिन बघेल रहे

आज का दूसरा मुकाबला शिवनी वारियर्स और dream11 के मध्य खेला गया टॉस जीतकर सिवनी वारियर्स कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 149 रन बनाएं कुंजी पटेल ने 33 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए चंद्रा ने चार विकेट प्राप्त किया लक्ष्य का पीछा करने की dream11 से यह मुकाबला हार गई ड्रीम11 की ओर से चंद्रभान ने 49 बल्लू टाइगर ने 47 रनों की बड़ी खली करते हुए अमित और अंकुश ने दो-दो विकेट प्राप्त किये

आज का तीसरा मुकाबला शिवनी बॉयज और गुरु नानके लब के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर बॉयज ` लब ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए गुरु नानक ने 10 ओवर में मात्र 107 रन बन सकी गुरु नानक की ओर से राजा मिश्रा ने 23 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए सि मी ने 3 विकेट प्राप्त की लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवनी बॉयज ने यह मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया शिवनी बॉयज की ओर से सचिन मलिक ने 56 निहाल ने 34 रनों की पारी खेली इस मैच के मैन ऑफ द मैच सि मी रहे

आज का चौथा मुकाबला एसएससी और नन्नू 11 के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर एसएससी ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए नन्नू 11 ने 10 ओवर में 162 रन बनाए नन्नू 11की ओर से आजाद ने 60 अक्की ने 54 रनों की पारी खेली लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएससी यह मुकाबला 59 से हार गई एसएससी की ओर से आदर्श ने 31 रनों की पारी के लिए अच्छी गेंदबाजी करते हुए रवि और आजाद ने दो-दो विकेट प्राप्त किया इस मैच के मैन ऑफ द मैच आजाद रहे

जनस पर्क आयुक्त यादव ने पदभार ग्रहण किया

भोपाल - भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री संदीप यादव ने आज मंत्रालय में सचिव जनसंपर्क का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश माध्यम का पदभार भी ग्रहण कर लिया है। आयुक्त श्री यादव ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनस पर्क संचालनालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जनस पर्क की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री यादव ने विभाग के विभिन्न प्रभागों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में आवेदकों की सुनी गई समस्याऐं

सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को कले ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई में अपर कले टर श्री सीएल चनाप, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत एवं संयुक्त कले टर प्रियंका वर्मा द्वारा जनसुनवाई में दूरदराज से आए आवेदकों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान सभी विभाग प्रमुखों की भी उपस्थिति रही।

आयोजित हुई जनसुनवाई में आज शहीद वार्ड सिवनी निवासी कैलास नरायण शु ला द्वारा शासकीय मैदान में अतिक्रमण करने, बरघाट निवासी जफरखान द्वारा मांस मछली दुकानों के संचालन हेतु लायसेंस प्रदाय करने, ग्राम भोंगाखेड़ा कोशल्या बाई साहू द्वारा गरीबी रेखा राशन कार्ड बनाने विषयक, ग्राम गुदना निवासी मोह मद साबिर खान द्वारा जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने विषयक, ग्राम सहजपुरी गन्नेगंज निवासी रामभजन चौकसे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाए जाने विषयक, कबीर वार्ड सिवनी समस्त मोहल्ले वासियों द्वारा नल जल योजना अंतर्गत नल कने शन प्रदाय करने विषयक, ग्राम ताखला निवासी पुनिया बाई द्वारा लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम लुंग्सा निवासी विद्या चंद्रकला द्वारा भूमि का नामांतरण कराने विषयक, भैरोगंज सिवनी निवासी अजय कुमार कुशवाहा द्वारा नाले की सफाई कराने विषयक सहित कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए गए।

निर्वाचन अवधि रहेगा मदिरा का क्रय-विक्रय पूर्णतः निषेध

सिवनी यशोः- पंचायत उपनिर्वाचन (उत्तार्ध्द) वर्ष 2023 के मद्देनजर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने कंपोजिट मदिरा दुकान मुंगवानी एवं गनेशगंज 03 जनवरी 2024 सांय 03 बजे से 05 जनवरी 2024 मतदान समाप्ति तक की अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने स्टेडियम में जिम के लिए बनाये गये नवनिर्मित डोम का शुभारंभ किया

सिवनी यशोः- स्टेडियम मैदान सिवनी में मंगलवार 02.01.2024 को प्रातः 8:00 बजे जिम में व्यायाम करने वाले खिलाड़ियों के लिये निर्मित डोम दनेश राय (मुनमुन) विधायक सिवनी ने फीता काटकर एवं बजरंगबली जी की पूजा अर्चना कर समर्पित किया। इस अवसर पर स्टेडियम के पदाधिकारी शरद अग्रवाल,नरेन्द्र ठाकुर, संजय बंसल, सुनील मालू, अजय वच्छानी ,ललित अग्रवाल, राहुल नायक, विनोद जैन(मुन्ना), श्रीमति शिवानी ताराम, प्रवीणचंद्र भूरा, नारायण बिसेन खेल विभाग ने मु य अतिथि दिनेश राय का पुष्पहार से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि डोम का निर्माण स्टेडियम में व्यायाम करने के लिये आने वाले विभिन्न गणमान्य नागरिकों के सहयोग से कराया गया

है। उद्घाटन समारोह में सामिल 400 बालक बालिका खिलाड़ियों के लिए गरम-गरम पोहा जलेबी की व्यवस्था दिनेश राय मुनमुन विधायक के द्वारा की गई थी। इस मौके पर श्री दिलीप सच्चानी के द्वारा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर अजय पांण्डे (बाबा) अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पी.जी.कॉलेज सिवनी ,श्रीमति स्वेता मिश्र, देवेन्द्र ठाकुर,दिलीप सच्चानी एवं उनके स्टेडियम ग्रुप के समस्त साथी, हरीश रावलानी पत्रकार लोकमत एवं पुलिस आरक्षक का प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षक मनोज यादव ऐ स-आर्मी मेन, दिनेश विश्वकर्मा, शुभम बघेल, नितिन चौधरी एवं उनके ग्रु प के प्रशिक्षणार्थी भारी सं या उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माननीय श्री दिनेश राय विधायक जी द्वारा निकट भविष्य में जिम की सामग्री स्टेडियम में उलब्ध कराने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार एम.के.नेमा सचिव सिवनी स्टेडियम समिति द्वारा प्रकट किया गया।

पदवृद्धि के साथ 2018 शिक्षक भर्ती पूर्ण कराने कले टर को मु यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा,

सिवनी यशोः- सोमवार को स्थाई शिक्षक भर्ती 2018 के क्वालिफाइड अ यर्थियों ने जिला कले टर कले टर का नाम श्री क्षितिज सिंघल जी भी लिखना है को नव वर्ष की बधाई के साथ ही नव निर्वाचित मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम ज्ञापन पत्र सौंपकर पदवृद्धि के साथ तृतीय काउंसलिंग कराते हुए उच्च एवं माध्यमिक स्थाई शिक्षक भर्ती को पूर्ण कराने की मांग की

ज्ञापन सौंपने के बाद पात्र अ यर्थी ने बतलाया कि उच्च एवं माध्यमिक शिक्षक भर्ती 2018 पिछले 5 वर्षों से नाम मात्र के पदों पर चल रही है जिसमें प्रथम एवं द्वितीय काउंसलिंग होने के बाद भी हजारों पद अभी भी रिक्त हैं जिसके लिए 2022 में वित्त विभाग से बजट भी स्वीकृत हो चुका है उसके बावजूद भी अभी तक तृतीय काउंसलिंग शुरू नहीं की गई है !

जिससे इन उम्रदराज पात्र अ यर्थियों को अपने भविष्य की चिंता सताए जा रही है और यह बार-बार जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन पत्र सौंपने के लिए मजबूर हैं!

प्रमुख रूप से नि न मांगों को लेकर दिया गया था ज्ञापन

-माध्यमिक शिक्षक भर्ती के ऊेषित विषयों जैसे हिंदी,उर्दू, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान आदि के रिक्त पदों में वृद्धि कर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए !

-.माध्यमिक शिक्षक भर्ती कुल शेष रहे 2,237 पदों पर चयन सूचीयाँ जारी की जायें।

-उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के हिंदी,ऊर्दू संस्कृत, इतिहास, भूगोल, कृषि, समाजशास्त्र, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान आदि के रिक्त पदों में स मानजनक वृद्धि की जाये ।

-.उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के सभी विषयों के कुल शेष रहे 5,935 पदों पर चयन सूचीयाँ जारी की जायें ।

-नामों की पुनरावृत्ति पर पूर्णतः रोक लगाते हुए,विभाग परिवर्तन, प्रवर्ग परिवर्तन एवं पदोन्नति के रिक्त पदों पर शेष पात्र अ यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायें।

महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया

सिवनी यशोः- महिला संबंधी बढते अपराधों की रोकथाम व जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी.शर्मा के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप वाल्मीक के मार्गदर्शन में महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर द्वारा ग्राम पंचायत केसला थाना बरघाट अंतर्गत गांव की महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में गांव की महिलाएं उपस्थित थी । जिनके साथ महिला संबंधी अपराधों पर चर्चा की गई । परिवार में समाज में बालिकाओं के प्रति उनकी जवाबदारी व गंभीरता को समझाया गया। महिलाओं बालिकाओं को

सामाजिक परिवेश में सजग सतर्क रहने की समझाइए दी गई विभिन्न अपराध जो केवल महिला संबंधी होते हैं उनको कैसे नियंत्रित किया जा सकता है चर्चा की गई । इसी कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय हायर सेके ंडरी स्कूल में अध्यनरत बालिकाओं के समक्ष वर्तमान परिदृश्य में घटित होने वाले अपराधों से बचने के लिए किन बातों को अपनाना है बताया गया सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट व अन्य माध्यम से अपरिचित से परिचय ना बढ़ाने समझाइश दी गई। अनजान व्यक्ति से जानकारी साझा न करने वास्ते बताया गया। आवारा तत्त्वों की हरकतों की जानकारी देने मूकदर्शक न बने रहने कुछ करो कुछ कहो की प्रवृत्ति बढ़ाने की समझाइश दी गई। सार्वजनिक स्थानों में आवागमन के समय व आवागमन के साधनों का प्रयोग करते समय सतर्कता बरतें। साईबर फ्राड से सावधान रहें मोबाइल पर अपनी जानकारी साझा करने से बचें। बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

धान खरीदी केंद्रों ओर महालक्ष्मी स्वा सहायता समूह के द्वारा किसानों की उपज में की जा रही हेरा फेरी

गोपालगंज समिति का पंजीयन ऑपरेटर ने धोबिसर्रा महालक्ष्मी सहायता में किया ट्रांसफर

गोपालगंज यशोः- सिवनी विकास खंड के सेवा सहकारी समिति गोपालगंज में किसान एस डी सूर्यवंशी ग्राम नंदेरा निवासी उम्र लगभग 80 वर्ष किसान कोड 222370020517 में धान मेरे द्वारा पंजीयन 99 कुंटल धान उपज का गोपालगंज सेवा सहकारी समिति 13/12/2023 को कराया गया उपार्जन केंद्र, 59137173 उपज लाने के लिए की तारीख 28/12/2023 को मेरे बेटा के द्वारा एक घर का टे टर व दो किराया का टे टर में 28 दिस बर 9 बजे गोपालगंज खरीदी केंद्र ले जाया गया जहाँ क प्यूटर ऑपरेटर योगेश सनोडिया द्वारा बोला गया कि अभी कर देता हूँ। शाम के बाद टे टर ड्राइवरों को बोल दिया गया कि आज नही कल लेंगे।तीनो धान से भरी टे टर छोड़ कर घर बापिस आ गए शाम को जब मेरे द्वारा अधियादारो से बात की तब उन्होंने

बताया कि मना करने पर हम टे टर छोड़ कर आ गए तब मेरे द्वारा खरीदी केंद्र हरहरपुर में वेयरहाउस में पहुँच कर ऑपरेटर ओर खरीदी केंद्र प्रभारी रामनाथ डेहरिया से बात की गई तो कल के लिए बोला गया मेरे द्वारा बोला गया कि आज ले लो किराया का टे टर है चाहे तो खर्चा 500 रु,भी ऑपरेटर की टेबल पर रख दिया गया पर नही माने अधिक भाड़ा लगेगा। टे टर बापस ले जाने की बात पर पता नही चला और तीनों टे टर वेयरहाउस पर खाली करा लिया गया।दूसरे दिन पता चला कि उसी वेयरहाउस पर एक समूह के द्वारा खरीदी की जा रही थी,उससे पर्ची लेने की बात ऑपरेटर द्वारा बोला गया मेरा पंजीयन गोपालगंज समिति का था। मेरी बगैर अनुमति के कैसे दे दिया। मेरे साथ इस तरह की धोखा धड़ी की गई।मे गोपालगंज सहकारी बैंक के प्रबंध को जाकर सारे घटना क्रम से अवगत कराया साहब प्रभारी ओर ,ऑपरेटर जादूगर है, उन्होंने ने भी समिति प्रबंक को फटकार लगाई और किसानों के साथ ऐसा बगैर अनुमति के नही करने की हिदायत दी में ओर मेरा परिवार लगभग बहुत पुराना जिला सहकारी बैंक के ओर किसान भी है सारा लेनदेन इसी संस्था से होता है। जबसे रामनाथ डेहरिया प्रबंधक का प्रभार मिला साथ ही सेल्समेन ओर धन खरीदी के भी प्रभारी है पूरी समिति क प्यूटर ऑपरेटर ओर तीन प्रभार बाले रामनाथ डेहरिया चला रहे पिछले वर्ष में खाद के लिए किसानों ने चक्का जाम भी किया वही वर्धमान वेयरहाउस में भी खरीदी के समय किसानों द्वारा चक्का जाम उपज न बिक पाने पर तारीख समाप्त हो गई थी तब जाम लगा था।

ऐसे कर्मचारी को सिर्फ एक प्रभार सौंपा जाए शेष प्रभार से तत्काल किया जाए ताकि किसानों को परेशानी न हो या किसानों के साथ कोई धोका हो

इनका कहना है -मेरे तो समझ के परे है कि रजिस्ट्रेशन ओर स्लॉट बुकिंग समिति की समूह में कैसे दे दिया

शाखा प्रबंधक तुलसी बघेल

प्रधानमंत्री आदिवासी महान्याय अभियान को और अधिक गति दी जाएगी - प्रहलाद पटेल

रोडमैप तैयार कर 100 दिन में लक्ष्य हासिल करें - मंत्रालय में की ग्रामीण विकास और श्रम विभाग की समीक्षा

भोपाल - पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने विभागीय समीक्षा करते हुए रोडमैप तैयार कर 100 दिन में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिये है। श्री पटेल ने आज मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय समीक्षा की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह भी मौजूद थी।

मंत्री श्री पटेल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास की बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने केन्द्र प्रवर्तित अमृतकाल की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रदेश में बेहतर क्रियान्वयन हुआ है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आदिवासी महान्याय अभियान को और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति के लोगों को आवास निर्माण के लिये 2 लाख रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही शौचालय बनाने के लिये अलग से राशि मिलेगी। इतना ही नहीं मनरेगा में निर्माण संबंधी मजदूरी भी मिलेगी।

मंत्री श्री पटेल ने रोडमैप तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति के लोगों की 100 मकान की आबादी होने पर भी सड़क निर्माण का कार्य सुनिश्चित करायें।

लेबर केस 100 दिन में पोर्टल पर अंकित करायें

श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने अधिकारियों को लेबर केसेस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर श्रम के सभी प्रकरणों को 100 दिनों में दर्ज कराने के भी निर्देश दिये। प्रयास करें कि श्रम विभाग का कार्य डेशबोर्ड पर हो, मेन्यूअल नहीं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पोर्टल पर लेबर केस अंकित करने में देश के प्रथम 3 राज्यों में मध्यप्रदेश शामिल है। उन्होंने कहा कि हमें मध्यदेश को प्रथम स्थान पर लाना है। मंत्री श्री पटेल ने मजदूरों को दिए जाने वाले कौशल विकास प्रशिक्षण कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री पटेल ने जल्द ही पदनाम परिवर्तित कर जल्द ही रिक्त पदों की पूर्ति करने के लिये कहा। मंत्री श्री पटेल ने बैठक में स्पष्ट किया कि श्रम कानूनों को बेहतर बनाने के कार्य करेंगे। जो लक्ष्य तय किये है, उन्हें 100 दिन के पहले हासिल करेंगे।

उपार्जित धान का परिवहन निर्बाध रूप से जारी रखें - डॉ. सिडाना

कले टर, एसपी ने ली मिलर्स तथा ट्रॉसपोटर्स की बैठक

मंडला यशोः- धान के उपार्जन और परिवहन के संबंध में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना तथा पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने मिलर्स तथा ट्रॉसपोटर्स की बैठक ली। बैठक में कले टर ने उपार्जन पर चर्चा करते हुए कहा कि उपार्जित धान का परिवहन लगातार जारी रखें। उन्होंने कहा कि किसानों के भुगतान की कार्यवाही भी नियमानुसार करे। परिवहन कार्य निर्बाध रूप से जारी रखें। उन्होंकने कहा कि आवश्यकतानुसार वाहन चालकों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि परिवहनकर्ताओं को आवश्यकतानुसार पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाएगी। ट्रॉसपोटर्स परिवहन के संबंध में अपर कले टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा जिला आपूर्ति अधिकारी के संपर्क में रहें। कले ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज पुगाविया सहित मिलर्स एवं ट्रॉसपोटर्स उपस्थित रहे।

शुष्क दिवस घोषित

मंडला यशोः- नगरीय निकायों अर्थात नगर परिषद में होने वाले उप निर्वाचन 2023 हेतु लोकहित में संबंधित नगरीय क्षेत्र और उसकी सीमा से लगे ग्राम पंचायतों में स्थित दुकानों में तथा नगर से निकलने वाले राज्यमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग, मु य जिला सड़क से दोनों सीमा से बाहर 3 किलोमीटर की दूरी तक में स्थित क पोजिट मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के लिए समय से 48 घंटे पूर्व से बंद रखे जाने एवं मतगणना हेतु नियत तिथि में मतगणना क्षेत्र की मदिरा दुकानें बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। ब हनी बंजर नगर परिषद में 5 जनवरी को मतदान होना है, मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 3 जनवरी की शाम 5 बजे से 5 जनवरी को मतदान समाप्ति तक तथा 9 जनवरी को मतगणना के संपूर्ण दिवस मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। घोषित शुष्क दिवसों में मदिरा दुकानों पर शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। साथ ही कोई भी होटल, रेस्टोरेंट में मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को अनुमति नहीं होगी।

विकसित भारत संकल्प यात्राः कार्यक्रम में दिलाई गई भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ

मंडला यशोः-विकसित भारत संकल्प यात्रा 3 जनवरी 2024 को बिछिया विकासखंड के ग्राम धुतका एवं आमाडोंगरी, बीजाडांडी में पिपरियाखुर्द एवं टिकरिया, घुघरी में डोंगरमंडला एवं रा हेपुर, मवई में केवलारीकला एवं मुड़ियारिचका, नैनपुर में गौराछापर एवं मक्के, नारायणगंज में जुझारी एवं खिन्ना रैयत तथा मंडला में हिरदेनगर एवं औघटखपरी पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव

भी साझा किए गए।

इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

4 जनवरी को इन पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा 4 जनवरी 2024 को बिछिया विकासखंड के ग्राम मांगा एवं पोंड़ी, बीजाडांडी में बेरपानी एवं देवरी, घुघरी में खजरी एवं बिलगांव, मवई में सहजपुरी एवं नंदराम, नैनपुर में ओहानी एवं हीरापुर, नारायणगंज में फड़की माल एवं सिवनी माल तथा मंडला में सुकतरा एवं बरगवां पंचायत पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।

निर्माण तथा विभागीय कार्यो की हुई समीक्षा

जनप्रतिनिधियों से जाने गये क्रियान्वयन के सुझाव और फीडबैक

मंडला यशोः- शासन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा जिले में संचालित विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों से शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक तथा सुझाव प्राप्त किए गए। कले ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में विधायक बिछिया नारायण पट्टा, विधायक निवास चैनसिंह वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे। बैठक में राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक के बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई। कले टर डॉ. सिडाना ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों एवं हितलाभ वितरण तथा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के तहत संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत प्रत्येक बैगा बस्तियों का सर्वे कर व्यतिगत तथा सामुदायिक लाभ वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कले टर ने मंडला-बरेला मार्ग एवं पदमी-घुघरी मार्ग सहित अन्य सड़कों के निर्माण कार्यो की प्रगति से अवगत कराया। कले टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कराएं। सीमांकन, बटवारा तथा नामांतरण के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित करें। मनरेगा के तहत रोजगारमूलक कार्यों को प्राथमिकता दें। सुदूर सड़कों के प्रस्ताव तैयार करें। पंचायतों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास करें।

"पीएम यशस्वी योजना" का लाभ लेने विद्यार्थी करें आवेदन

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार की «पीएम यशस्वी योजना» अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन एन.एस.पी पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। आवेदन की अंतिम तिथी 5 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। पात्र विद्यार्थी योजना का लाभ लेने आवेदन कर सकते हैं। पात्रता संबंधी जानकारी एन.एस.पी पोर्टल पर उपलब्ध है।

बैगाओं के आधार कार्ड बनाने 17 ग्रामों पर लगाए गए शिविर

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। 2 जनवरी को 17 ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित कर लगभग 160 बैगाओं के आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। जानकारी के अनुसार बिछिया के कन्हारीकला एवं चंगेरिया, बीजाडांडी में भोंड़ी, विजयपुर एवं उदयपुर, नैनपुर के केरेगांव, घुघरी के तबलपानी एवं रा हेपुर, मंडला में सेमरखापा, जंतीपुर एवं मलारा, मवई में नंदराम, मोहगांव में चौगान एवं झुरकीपोंड़ी, नारायणगंज में अमदरा, सलैया तथा सिवनी माल ग्राम में शिविर आयोजित किए गए। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

मु यमंत्री से भोपाल मिले जगत मरावी

मंडला यशोः- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला पंचायत सदस्य जगत मरावी ने बीते दिनों भोपाल में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान श्री मरावी ने मु यमंत्री को अपना परिचय दिया और भाजपा संगठन के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 में प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रचार-प्रसार की रूप रेखा बताते हुए उनसे मण्डला आने का आग्रह किया जिस पर मु यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही मण्डला आने का विचार है। इस दौरान बिछिया नगर पालिका क्षेत्र से पार्षद पद के प्रत्याशी रहे कैलाश डेहरिया और अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस कड़ाके की ठंड में कोई नही सोएगा - आयुष चौहान

सिवनी यशोः- वस्त्र अर्पण अभियान के नाम से चलने वाला एक ग्रुप की कई वर्षो से पहल चल रही है वह ग्रुप एक समाज सेवी संगठन के रूप में कार्य कर रहा है हर वर्ष गरीबो को गर्म कपड़े प्रदान किये जाते है। इस वर्ष भी नव बर माह से वस्त्रो का वितरण चालू हुआ है जो अब समाप्ति की ओर है लगभग इस वर्ष 2700 से अधिक लोगो तक इस समूह की यह पहल पहुँची है इस वर्ष सहयोग करने वाले भी जबलपुर मंडला के अधिक लोग है और इस वर्ष वितरण सिवनी जिले में बंडोल, चमारी, कलरवाकी, सोमवारी, गोपालगंज, घंसौर पर एव जबलपुर में ग्वारी घाट के पास स्टॉल लगा कर वितरण किये गए।

लगभग इस वर्ष 2200 कपड़े समाज से प्राप्त हुए ही ओर पिछले वर्ष के बचे हुए वस्त्रो को मिला कर सब कुछ समाज के असहाय परिवारो को प्रदान किये गए।।

यह अभियान के लगभग सात वर्ष होने जा रहे है इसमें तत्कालीन कले टर श्री भरत यादव की अच्छी भूमिका रही उनके मार्गदर्शन में यहां अभियान चलया गया श्री यादव और आयुष चौहान ने यहां अभियान प्रारंभ किया था उनके बाद इस अभियान में कले टर श्री धनराजू एस ने भी अपनी अच्छी भूमिका निभाई थी।।

इस अभियान में कुछ स्वंय सेवी ओर समाज सेवी संगठन ने काम किया जिसमें से मु य रूप से गूंज संस्था बंडोल की है जिसके सचिव शिवम पांडे है उनका कहना है कि भगवान ने हमको गरीबो ओर असहायों की मदद के लिए चुना है यह हमारे लिए भग्य की बात है

अभियान के सदस्य

आयुष चौहान ने बताया कि वे स्व प्रेरणा से इस कार्य मे आये थे आज लोग उनको कपड़े और कंबल बाटने वाले के नाम से जानते है हम किसी से आर्थिक मद्दत नही लेते है जो अपनी स्वंम की है छा से हमको वस्त्र दान दे हम अपने संपर्क सूत्र 7566282718 में बात करके वस्त्र लेते है हमने अपना संपर्क सूत्र सार्वजनिक किया है जो इच्छा रखते है वो हमसे जुड़ सकते है अभियान में गोपनीयता नीति है` योंकि जिसको हम वस्त्र दे रहे है उसको भी अपना स्वाभिमान प्यारा होता है उनको अपने आप मे शर्म महसूस नही होना चाइये इसलिए हम गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है जो भी समाज के संगठन कार्य करना चाहते है जरूर जुड़े। जो अभियान में जुड़ना चाहता है एवं वस्त्रो का दान देना चाहता है वो जरूर हमसे जुड़े ऐसी अपील ग्रुप के सदस्यों ने की है।।

परिणामों को बेहतर बनाने का पुरज़ोर प्रयास करें अधिकारी - डॉ. सिडाना

समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए बेहतर कार्य करें। सभी अधिकारी परिणामों को बेहतर बनाने का पुरज़ोर प्रयास करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कले टर ने निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभाग अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को शासन की योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करने की कार्यवाही करें। उन्होंने यात्रा के आयोजन की तिथियों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों पर समय पर सकारात्मक जवाब प्रस्तुत करें। पिछले माह से बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने जनसुनवाई, टीएल प्रकरण, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, खुले में मांस का विक्रय के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

शिविर लगाकर बैगा परिवारों को लाभान्वित करें

प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा के दौरान कले टर ने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग जिले की सभी 318 बैगा बस्तियों में सर्वे का कार्य जल्द पूर्ण करें। सर्वे के दौरान वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं के लाभ से आच्छादित करें। शतप्रतिशत बैगा परिवारों को शिविर लगाकर 15 जनवरी तक आधार, वनाधिकार पट्टा, जाति प्रमाण-पत्र, किसान स मान निधि, पात्रता पर्ची, आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित करें तथा जनधन बैंक खाता खुलवाने की कार्यवाही पूर्ण करें। अन्य योजनाओं के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करें। जिला तथा से टर अधिकारी संबंधित क्षेत्रों में सघन भ्रमण कर लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करें।

उच्च न्यायालय के आदेश का दो माह बीतने के बाद भी नही हो सका पालन स्थानांतरण के बाद भी डटे जनपद सीईओ

मण्डला यशोः- लंबे समय से देखने और सुनने आ रहा है कि जिले में पदस्थ अनेक अधिकारी और कर्मचारियो के स्थानांतरण होने के बाद भी उन्हें रिलीव नही किया जा रहा है। आखिर` यों इन अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारी अभयदानं यों दे रहे हैं। वहीं चर्चा है कि वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है स्थानांतरण के बाद अधिकारियों को रिलीव न करना उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का मौका देना और उच्च न्यायालय के आदेश को भी ठेंगा दिखाना कहां तक सही कहा जा सकता हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत बीजादांडी में पदस्थ प्रभारी मु य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार ओझा का सामने आया है। साहब बड़े खिलाड़ी बताए जाते हैं निर्माण कार्यो में कमीशन खोरी की जमकर चर्चा है तो वहीं घटिया कामों के लिए क्षेत्र की पहचान से

भी इंकार नही किया जा सकता जब साहब का मण्डला से बालाघाट स्थानांतरण हुआ तो उन्होंने न्यायालय की शरण ली और जब वहां से भी राहत नही मिली तो जिले के अधिकारियों से महोदय ने सैटिंग जमा ली। यहां पदस्थ मु य कार्यपालन अधिकारी पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानांतरण के बाद भी साहब डटे हुए हैं आखिर` या वजह है कि अधिकारी के स्थानांतरण के बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाना और जब वहां से राहत न मिलने पर अन्य जगह स्थानंतरण होने पर रिलीव न किया जाना चर्चा में आ गया है। मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल दिनांक 7 अे टूबर 2023 के आदेश में उल्लेख है कि क्रमांक 8916/782/22/वि-2/स्था-2023-विभागीय आदेश क्रमांक 7128/22/वि-2/स्था./23 दिनांक 31.7.23 के सरल क्र 01 द्वारा प्रमोद कुमार ओझा प्रभारी मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजादांडी जिला मंडला का स्थानांतरण जनपद पंचायत कटंगी जिला बालाघाट किया गया था। जिसके विरुद्ध श्री ओझा ने उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट याचिका क्रमांक 19748/23 दायर की थी। जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 11.08.23 के माध्यम से श्री ओझा के अ यावेदन का निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया। श्री ओझा ने उनकी पत्नि के रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन जिला जबलपुर में कार्यरत होने एवं पारिवारिक दायित्वों के निर्वाहन करने हेतु किये गये स्थानांतरण को निरस्त अथवा संशोधन करने का अनुरोध किया है। श्री ओझा की समक्ष सुनवाई की गई। अतः श्री ओझा के अ यावेदन पर विचारोपरांत राज्य शासन एतद् दवारा श्री ओझा के जनपद पंचायत कटंगी जिला बालाघाट किये गये स्थानांतरण में संशोधन करते हुए उन्हें जनपद पंचायत मेहदवानी जिला डिण्डोरी में पदस्थ करता है। स्थानांतरण नीति की कंडिका क्रमांक 42 के अनुसार स्थानांतरण आदेश जारी होने के पश्चात दो सप्ताह में कार्यमुक्त किया जाना अनिवार्य है। स्थानांतरण नीति की कंडिका क्रमांक 47 के अनुसार कार्यमुक्त होने के पश्चात एवं नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के मध्य की अवधि के किसी भी प्रकार का अवकाश सामान्य प्रशासन विभाग का अभिमत प्राप्त करने के पश्चात ही स्वीकृत किया जा सकेगा। लेकिन इस आदेश का दूर-दूर तक पता नही है और अधिकारी मजे से कुर्सी में जमे बैठे हैं वहीं सूत्रों का कहना है कि जनपद पंचायत बीजादांडी में फर्जी बैठकों का दौर भी चल रहा है यहां पर तथाकथित लोगों को इशारे में काम करने वाले लोग मजे मार रहे हैं और जो लोग नियम और कानून से काम कर रहे है उन्हें परेशान किया जा रहा है।

आयुष्मान जागरूकता पखवाड़ा

बालाघाट - 1 से 15 जनवरी 2024 आयुष्मान भारत योजना ''आयुष्मान भव=' एवं मध्यप्रदेश आयुष्मान निगमयम् योजना के पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से 'आयुष्मान जागरूकता पखवाड़े' का आयोजन नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में किया जा रहा है। सीएससी सर्च इन्फोटेक द्वारा नगर के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में शिविर के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। पखवाडे के दूसरे दिन इंजीनियरिंग के छात्रों को योजना के बारे में जानकारी दी गई।

म.प्र. राष्ट्रीय अंडर 17 हॉकी प्रतियोगिता में समलसिहं ने स्वर्ण पदक विजेता होने का गौरव प्राप्त किया

सिवनी यशोः- सहाकयक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अधिकारी सिवनी ने बताया कि ग्वालियर में 28 दिसंबर 23 से 01 जनवरी 24 तक चलने वाली 67वीं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में म.प्र. राष्ट्रीय अंडर 17 हॉकी प्रतियोगिता में क्रीडा परिसर कुर्ई के छात्र समलसिहं कुमरे द्वारा बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में म प्र की टीम ने चंडीगढ को 01 - 0 से हराकर विजय हासिल की। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग, क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय कुर्ई, जिला क्रीडा प्रभारी जनजातीय कार्य विभाग, क्रीडा परिसर कुर्ई एवं उत्कृष्ट विद्यालय शाला परिवार कुर्ई द्वारा खिलाडी छात्र समलसिहं कुमरे के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297